# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## CUH Student got Placement

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 18-12-2022**

# हकेंवि के विद्यार्थी को मिला प्लेसमेंट

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में बी.वॉक. रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट के छात्र तरुण कुमार डिग्री पूर्ण करते ही रिलायंस रिटेल में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विधार्थी का चयन होने पर बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के कौशल को निखारकर विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार प्रदान कर रहा है। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों में कौशल विकास न केवल पढ़ाई तक सीमित है बल्कि विद्यार्थियों को सामाजिक और रोजगार की दृष्टि से भी समृद्ध बनाता है। कौशल विकास पर आधारित बी. वॉक रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनेक अवसर प्रदान हो रहे है। उन्होंने कहा कि यह विभाग के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के द्वारा की जाने वाली कड़ी मेहनत का ही परिणाम है कि विभाग लगातार विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान कर रहा है। विभाग के प्रमुख डॉ. पवन कुमार मौर्य ने कहा कि वर्तमान समय में रोजगार प्राप्त करना काफी मुश्किल हो रहा है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 18-12-2022**

## तरुण को मिला प्लेसमेंट

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंविवि) महेंद्रगढ़ में बीवॉक रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट के छात्र तरुण कुमार डिग्री पूर्ण करते ही रिलायंस रिटेल में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विद्यार्थी का चयन होने पर कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के कौशल को निखारकर विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार प्रदान कर रहा है। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 18-12-2022**

# विश्वविद्यालय में छात्रों को लगातार मिल रहे रोजगार के अवसर

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) में बीवाक रिटेल एंड लाजिस्टिक्स मैनेजमेंट के छात्र तरुण कुमार को रिलायंस रिटेल में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के कौशल को निखारकर विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार प्रदान कर रहा है। विद्यार्थियों में कौशल विकास न केवल पढ़ाई तक सीमित है, बल्कि विद्यार्थियों को सामाजिक और रोजगार की दृष्टि से भी समृद्ध बनाता है।



कुलपति प्रो. टंकेश्वर ( बाएं से दूसरे ) के साथ प्लेसमेंट प्राप्त करने वाला तरुण ● सौ. हकेंवि

कौशल विकास पर आधारित बीवाक रिटेल एंड लाजिस्टिक्स मैनेजमेंट के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनेक अवसर प्रदान हो रहे हैं। यह विभाग के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के द्वारा की जाने वाली कड़ी मेहनत का ही परिणाम है कि विभाग लगातार विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान कर रहा है। विभाग के प्रमुख डा. पवन कुमार मौर्य ने कहा कि वर्तमान समय में रोजगार प्राप्त करना काफी मुश्किल हो रहा है। ऐसे में बीवाक रिटेल एंड लाजिस्टिक्स मैनेजमेंट द्वारा कराई जाने वाली पढ़ाई के साथ-साथ कार्यशाला, इंटर्नशिप, विशेषज्ञ व्याख्यान काफी फायदेमंद होते हैं। बीवाक रिटेल एंड लाजिस्टिक्स मैनेजमेंट पाठ्यक्रम स्नातकों की रोजगार क्षमता व कौशल बढ़ाने और वैश्विक श्रम शक्ति का हिस्सा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। रिटेल एंड लाजिस्टिक्स मैनेजमेंट विभाग के समन्वयक डा. सुयश मिश्रा ने कहा कि विभाग की यह कोशिश रहती है कि सभी विद्यार्थियों में कौशल विकास हो जिससे कि रोजगार की दृष्टि से भविष्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। यह उसका ही परिणाम है कि बीवाक रिटेल एंड लाजिस्टिक्स मैनेजमेंट के विद्यार्थी स्नातक की डिग्री पूर्ण करते ही उच्च पदों पर आसीन होकर न सिर्फ विभाग को बल्कि अपने स्वजन को भी गौरवान्वित कर रहे हैं।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 18-12-2022**

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के विद्यार्थी को मिला प्लेसमैंट

महेंद्रगढ़, 17 दिसम्बर (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्याल, महेंद्रगढ़ में बी. वॉक. रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट के छात्र तरुण कुमार को डिग्री पूर्ण करते ही रिलायंस रिटेल में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है।



*प्लेसमैंट पाने वाला छात्र, कुलपति और शिक्षकों के साथ।*

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विद्यार्थी का चयन होने पर बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के कौशल को निखार कर विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार प्रदान कर रहा है।

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों में कौशल विकास न केवल पढ़ाई तक सीमित है बल्कि विद्यार्थियों को सामाजिक और रोजगार की दृष्टि से भी समृद्ध बनाता है। विभाग के प्रमुख डॉ. पवन कुमार मौर्य ने कहा कि वर्तमान समय में रोजगार प्राप्त करना काफी मुश्किल हो रहा है। ऐसे में बी. वॉक. रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमैंट द्वारा करवाई जाने वाली पढ़ाई के साथ-साथ कार्यशाला, इंटर्नशिप, विशेषज्ञ व्याख्यान काफी फायदेमंद होते हैं।

रिटेल एंड लॉजिस्टिक्स मैनेजमैंट विभाग के समन्वयक डॉ. सुयश मिश्रा ने विद्यार्थी को बधाई देते हुए कहा कि विभाग की यह कोशिश रहती है कि सभी विद्यार्थियों में कौशल विकास हो जिससे कि रोजगार की दृष्टि से भविष्य में किसी प्रकार की बाधा न आए।